

# आसमान से बरसी आग 44 डिग्री पहुंचा पारा

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 13 मई, का. मंगलवार की तरह बुधवार को भी नगर सहित जिले भर में गर्मी का भारी प्रकोप रहा. आसमान से मानों आग बरस रही थी. अधिकतम तापमान 44 डिग्री के समीप जा पहुंचा. बुधवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा.**

सुबह से लेकर रात्रि तक भीषण गर्मी का कहर रहा. भीषण गर्मी एवं गर्म हवाओं के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका बुरा असर हो रहा है. सिविल अस्पताल, जिला चिकित्सालय सहित प्रायवेट अस्पतालों, क्लीनिकों पर मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है. गर्मी से संबंधित बिमारियों के साथ ही घबराहट के मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है.

मई माह के दूसरे सप्ताह में अचानक गर्मी ने अपना प्रभाव दिखाया और मंगलवार को अधिकतम तापमान 43.1, बुधवार 43.9 डिग्री पर जा पहुंचा. एक दिन में तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई. बुधवार को कहीं अधिक गर्मी का प्रकोप रहा. गर्म हवाओं के कहर ने जन जीवन बुरी तरह प्रभावित कर दिया.

**घरों से बाहर निकलना भी हुआ मुश्किल** -बुधवार का गर्मी का कहर इतना अधिक रहा कि दोपहर के समय खुले आसमान के नीचे बाहर निकलना भी मुश्किल हो रहा था. इससे जन जीवन काफी प्रभावित रहा. आवश्यक कार्य से ही लोग घरो के बाहर निकले. मौसम विभाग भोपाल के अनुसार आने आने दो-तीन दिन तापमान इसी तरह बना रहने के आसार है.

**ओपीडी में मरीजों की संख्या 350 के पार**- स्थानीय सिविल अस्पताल में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ हुआ है. मंगलवार को सिविल अस्पताल में 350 से अधिक मरीज आये. जबकि बुधवार को दोपहर तक 310 मरीज आ चुके थे. चिकित्सकों के अनुसार इनमें घबराहट, पेट दर्द, उल्टी सहित गर्मी के कारण होने वाली शिकायतों को लेकर मरीज आ रहे है. जिला चिकित्सालय में भी ओपीडी का आंकड़ा लगभग 500 पर जा पहुंचा है.

## सड़कों पर सन्नाटा, उबलने लगा टंकियों का पानी

बुधवार दोपहर स्थिति यह थी कि खुले आसमान के नीचे निकलना दूभर हो गया. गर्म हवाओं के कारण लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हैं और अति आवश्यक होने पर ही बाहर निकल रहे हैं. गर्मी का असर इतना भीषण है कि छतों पर रखी टंकियों और बर्तनों का पानी उबलने लगा है. वहीं, धूप में खड़े दोपहिया वाहन और अन्य सामान तवे की तरह तप रहे हैं.

## महिला मंडल 18 से कराएगा कथा

**सीहोर.** शहर के खंजाची लाइन में अधिकमास पर सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल के तत्वाधान में आगामी 18 मई सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा. इसको लेकर गुरुवार को महिला मंडल के तत्वाधान में भगवान गणेश, नृसिंह भगवान, हनुमान और भैरव बाबा के यहां पर निमंत्रण पत्र भेंट किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिला और समाजजन शामिल रहे. सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल अध्यक्ष सुश्री नीलम शर्मा ने बताया कि आगामी 18 मई से होने वाली सात दिवसीय भागवत कथा भागवत भूषण पंडित रवि शंकर तिवारी के द्वारा की जाएगी. धर्मशाला में कथा की तैयारियां शुरू हो गई है. वहीं महिला मंडल द्वारा भागवत कथा का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है.

# सीबीएसई 12वीं रिजल्ट : टॉप 10 में 8 बेटियां

**जिले की मेरिट लिस्ट में बेटियों ने दबदबा बनाया**

**टॉपर को मिले 98 प्रतिशत से ज्यादा अंक**

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 13 मई, का. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं के घोषित परीक्षा परिणाम में इस वर्ष राजगढ़ जिले की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष 10 स्थानों में से 8 स्थानों पर कब्जा जमाया. जिले में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर क्रमशः दिशा सक्सेना (98.6 ) तथा आशिता साहा (98.0) प्रतिशत रहीं. उल्लेखनीय है कि दोनों ही छात्राएँ स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़ की छात्राएँ हैं तथा उन्होंने इसी विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक अध्ययन किया है. दोनों सहेलियों की इस असाधारण उपलब्धि पर सीबीएसई तथा समस्त जिला परिवार ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं.**

दिशा सक्सेना और आशिता साहा ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, प्राचार्य, अपने माता-पिता तथा स्वयं की नियमित स्व-अध्ययन को दिया है. टॉपर्स ने आने वाली पीढ़ी के विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि नियमित रूप से विद्यालय जाना ही सफलता की सबसे मजबूत नींव है. जिला राजगढ़ के सीबीएसई डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर ए साहा, प्राचार्य स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़ ने बताया कि जिले में कुल 25 सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय संचालित हैं तथा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में लगभग 850 विद्यार्थी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए. परीक्षा के सुचारू, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन हेतु जिले में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे. उन्होंने बताया कि इस वर्ष कक्षा 12वीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन ओएसएम प्रणाली के माध्यम से किया गया.

## मास्टर माइंड स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सारंगपुर .** सीबीएसई के कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित हुए, जिसमें नगर के एक मात्र विद्यालय मास्टर माइंड स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया . विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार रहा, जिसमें अधिकांश छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए . आस्था चौरसिया पिता विशाल चौरसिया ने 92 .6 प्रतिशत, आयुष मेवाड़ा नारायण सिंह मेवाड़ा ने 91 .2 प्रतिशत, शाक्षी यादव पिता जितेंद्र यादव ने 88 .2 प्रतिशत, काशफा अली पिता असरफ अली ने 87 प्रतिशत, दीपिका मीणा पिता हरिओम मीणा ने 85 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए .

## विद्यार्थियों का श्रेष्ठ प्रदर्शन

**पचोर 13 मई, सं.** संस्कार एकेडमी पचोर का कक्षा 12वीं वी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा . इस वर्ष विद्यालय से कुल 33 विद्यार्थियों में से 27 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 06 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया . विद्यालय के कॉमर्स ग्रुप की छात्रा ऋषिका दुबे ने 91 प्रति अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया, वहीं मैथ्स ग्रुप की छात्रा आभा पाटीदार ने 90 .2 प्रति ., कॉमर्स ग्रुप से गोविंद चंद्रवंशी 87 .6, दर्श डांगरा 85 .8, रेणुका यादव 85 .6, अभिषेक पंवार 83 .6, पूनम चौरसिया 82 .2, सुजल शर्मा 81 .6 आदि विद्यार्थियों ने प्रतिभा का परिचय दिया .



# आपदा प्रबंधन कोर्स का समापन

**नवभारत न्यूज**

**सागर 13 मई. विशेष पुलिस महानिदेशक रवि गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक पीटीएस लवली सोनी के मार्गदर्शन में अराजपत्रित अधिकारियों हेतु आयोजित दो दिवसीय आपदा प्रबंधन कोर्स संपन्न हुआ.**

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन विभाग एसव्हीएन विश्वविद्यालय के श्री ए.के. सिंह और उनकी टीम ने आपदाओं के प्रकार, फायर सेफ्टी और बुनियादी प्रबंधन के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मकरोनिया के चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक दुबे द्वारा सीपीआर और जीवन रक्षक प्राथमिक चिकित्सा का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया. एसडीआरएफ की प्लाटून कमांडर श्रीमती समीक्षा श्रीधर एवं उनकी टीम ने संकट के समय घायलों को सुरक्षित निकालने की विभिन्न तकनीकों तात्कालिक स्ट्रेचर बनाने और जल आपदा के दौरान स्थानीय संसाधनों से तात्कालिक फ्लोटिंग डिवाइस तैयार करने का जीवंत प्रदर्शन किया.निरीक्षक अफरोज खान ने आभार माना.

# बच्ची को12 बॉटल खून चढ़ा, फिर भी मौत

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 13 मई, अटल विहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज का एक अनोखा मामला सामने आया है. डिलेवरी के बाद नवजात बच्ची को डॉक्टरों ने 9 दिन में 12 बॉटल खून चढ़ा दिया. लेकिन इसके बाद भी डॉक्टर नवजात को बचा नहीं पाए और आखिरकार उसकी मौत हो गई. इससे गुस्साए परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में हंगामा कर दिया.**



मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर एकजुट हुए और परिजनों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने जा पहुंचे. फिलहाल पुलिस ने अपनी सूझबूझ से मामले को सुलझाया और दोनों ही पक्षों ने कार्यवाही से इनकार कर दिया. दरअसल विदिशा के राजपूत कॉलोनी में रहने वाले विक्रम राजपूत अपनी पत्नी अनुराधा राजपूत को मेडिकल कॉलेज में प्रसव के लिए लेकर पहुंचे थे. जिस डॉक्टर ने अनुराध का इलाज किया था उनके अनुसार प्रसव के बाद जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ थे लेकिन दूसरे दिन से नवजात बच्ची की तबीयत अचानक खराब होने लगी तो उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया.

परिजनों के अनुसार 9 दिन के दौरान नवजात बच्ची को 12 यूनिट रक्त चढ़ाया गया उसके बाद भी उसकी मौत हो गई है. इस बात से गुस्साए परिजनों और डॉक्टर में विवाद हो गया. एक पक्ष ने कहा गलत इलाज किया तो दूसरे पक्ष ने कहा हमारे साथ मारपीट की गई है. मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर एकजुट होकर नवजात के परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने कोतवाली थाने पहुंच गए.

## विधि महाविद्यालय में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**अशोकनगर।** शासकीय विधि महाविद्यालय में जिला आपदा प्रबंधन अशोकनगर द्वारा महाविद्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर व कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रो को विभिन्न आपदाओं के संबंध बताया गया व डोमो दिखाया गया। कार्यक्रम के आयोजक राघवेन्द्र शर्मा कमांडेंट होमगार्ड के निर्देशन में एवं मुख्य अतिथि सोनम जैन संयुक्त कलेक्टर अशोकनगर व मनीष शर्मा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (चन्देरी) की उपस्थिति में प्रशिक्षण शिविर के प्रारंभिक चरण में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जकवलन कर कार्यक्रम प्रारंभक किया गया।

# फिसड्डी साबित हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान

## रैंकिंग में जिला प्रदेश में सबसे निचले पायदान पर



**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 13 मई. मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की नदियों, कुओं और बावड़ियों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के उद्देश्य से शुरू किया गया 'जल गंगा संवर्धन अभियान' जिला मुख्यालय सीहोर में दम तोड़ता नजर आ रहा है. स्थिति यह है कि अभियान की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में सीहोर जिला सबसे निचले पायदान पर पहुंच गया है. सरकारी अमले की उदासीनता और जिम्मेदारों की निष्क्रियता के कारण अभियान कागजों तक सीमित होकर रह गया है, जबकि शहर के युवा स्वयं श्रमदान कर व्यवस्था को आईना दिखा रहे हैं.**

शहर की जीवनदायिनी सीवन नदी की बदहाली दूर करने के लिए जहां प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस पहल दिखाई नहीं दी, वहीं सीवन पुत्र और सीवन योद्धा नाम से जुड़े युवाओं ने मोर्चा संभाल लिया. पिछले 41 दिनों से लगातार श्रमदान कर रहे इन युवाओं ने नदी के कई घाटों की तस्वीर बदल दी है. बुधवार को यह अभियान 42वें दिन में प्रवेश कर गया.

युवाओं की मेहनत से हनुमान फाटक, महिला घाट, हाथी घाट और बैंगन घाट जैसे क्षेत्रों में साफ-सफाई और गहरीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है.

# गुना में रफ्तार का कहर एक की मौत, 7 घायल

**नवभारत न्यूज**

**गुना 13 मई का। जिले के लिए बुधवार का दिन हादसों भरा रहा। जिले के दो अलग-अलग क्षेत्रों में हुए भीषण सड़क हादसों में एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी, जबकि एक ही परिवार के सदस्यों सहित कुल सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना नेशनल हाईवे-46 पर रसूख और लापरवाही के कारण हुई, वहीं दूसरी घटना सेमरी घाटी के अंधे मोड़ पर थकान और नींद के झोंके के चलते घटित हुई।**

नेशनल हाईवे-46 के गुना बायपास को जोड़ने वाले फतेहगढ़ चौराहे पर सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। यहाँ एक तेज रफ्तार कार (क्रमांक एमपी 07 एपी 0017) ने बाइक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क पर काफी दूर जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शी जावेद खान के अनुसार, बाइक सवार फतेहगढ़ की तरफ से हाईवे पर आकर गुना की ओर जा रहे थे, तभी सामने से आ रही कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। चश्मदीदों का दावा है कि कार एक महिला चला रही थी। हादसे के बाद जब लोगों ने नाराजगी जाहिर की, तो महिला चालक ने सहानुभूति दिखाने के बजाय अपना रसूख दिखाया.

## एक नजर में



### संबल योजना बनी सहारा, परिजनों को मिली राशि

**भैरुंदा .** मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के अंतर्गत शास्त्री कॉलोनी निवासी स्वर्गीय ऊषा दुबे के परिवार को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई . असमय निधन के बाद सहायता राशि का स्वीकृति पत्र स्व . ऊषा दुबे के पति सुधीर दुबे एवं पुत्र स्वयं दुबे को सौंपा गया . इस अवसर पर नप अध्यक्ष मारुति शिशिर एवं मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं विधायक रमाकांत भार्गव के नेतृत्व में संचालित संबल योजना प्रदेश के लाखों परिवारों के लिए संकट के समय में बड़ा सहारा साबित हो रही है . नप उपाध्यक्ष प्रतिभा मकवाना व उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना ने कहा कि जनहितैषी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है .

### मांगों को लेकर ओबीसी महासभा ने दिया ज्ञापन

**पलेरा।** पिछड़ा वर्ग के अधिकारों और क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए बुधवार को ओबीसी महासभा ने अपनी ताकत दिखाई। महासभा की जिला इकाई के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरी। इस दौरान तहसीलदार पलेरा के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया।सटीक आंकड़ों के लिए जातिगत जनगणना जरूरी ज्ञापन में सबसे प्रमुख मांग आगामी राष्ट्रीय जनगणना को लेकर उठाई गई। महासभा का कहना है कि देश में ओबीसी वर्ग की वास्तविक स्थिति और संख्या स्पष्ट करने के लिए जनगणना फॉर्म में ओबीसी का अलग कॉलम जोड़ा जाना अनिवार्य है।पदाधिकारियों ने कहा कि बिना सटीक आंकड़ों के सामाजिक न्याय की परिकल्पना अधूरी है।आरक्षण और रुकी भर्तियों पर जोर प्रदेश स्तर की मांगों को लेकर ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मध्य प्रदेश में भर्ती प्रक्रियाओं पर लगा होल्ड तत्काल हटाया जाए।संगठन ने सरकार से मांग की है कि पिछड़ा वर्ग को उनका संवैधानिक आरक्षण पूर्ण रूप से प्रदान किया जाए।

### गुलावता में आज लगेगा संपर्क शिविर

**पडाना .** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सम्पर्क अभियान के तहत 14 मई गुरुवार को ग्राम गुलावता पंचायत परिसर 10 बजे से विशेष जन सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है . क्लस्टर 01 के अंतर्गत आने वाले ग्राम - गुलावता, चतुरखेड़ी, बरूखेड़ी, मऊ, ग्वाडा, नारायणपुर के सभी विद्युत उपभोक्ता इस शिविर में भाग ले सकते हैं . गलत बिल, अधिक बिल, डुप्लीकेट बिल का त्वरित निराकरण नकद/डिजिटल माध्यम से बिल भुगतान व बकाया राशि जमा करने की सुविधा नए विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन व जानकारी लोड वृद्धि/घटाने हेतु आवेदन नाम परिवर्तन हेतु आवेदन स्वीकार ई-केवाईसी,अपडेट/सत्यापन मीटर संबंधी समस्या-मीटर खराब, रीडिंग समस्या, मीटर बदलवाने की शिकायत, सर्विस केबल-टूटना, जलना, शॉर्ट आदि की शिकायत व समाधान, विद्युत आपूर्ति-लाइट पहुंचना, लो/हाई वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग की शिकायत, रीडिंग न आना, बिल न बनना आदि,योजनाओं की जानकारी सरकार की, कृषि पंप योजना आदि की जानकारी दी जाएगी व समस्याओं का निदान किया जाएगा .

### भीषण गर्मी में राहत का सहारा बन रहे प्याऊ

**पाथाखेड़ा।** नगर पालिका परिषद सारनी क्षेत्र में बढ़ती गर्मी को देखते हुए विभिन्न वार्डों एवं प्रमुख स्थानों पर शुरू किए गए प्याऊ अब लोगों के लिए राहत का बड़ा माध्यम बन रहे हैं।प्याऊ संचालन से जुड़े ठेकेदार कुबेर डोंगरे ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी प्याऊ में नियमों के अनुरूप शुद्ध आरो का ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पानी मिल सके। उन्होंने कहा कि प्याऊ में कार्य करने वाले मजदूरों को भी शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार आवश्यक सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।नगर क्षेत्र में कहीं भी शुद्ध शीतल पेयजल की कमी नहीं होने दी जाएगी तथा लगातार निगरानी रखकर जल व्यवस्था सुचारु बनाए रखी जाएगी।

# शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**सागर 13 मई. जनगणना महाअभियान के अंतर्गत चल रहे मकान गणना कार्य में अनुपस्थित रहने, निर्देशों का अनुपालन करने, कार्य में शिथिलता एवं निर्धारित समय-सीमा में प्रगति न देने पर तीन शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है.**

संबंधित शिक्षकों से एक दिवस के भीतर संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया है. जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी. शिक्षकों में रघुराज गौड शिक्षक प्राथमिक शाला जुझारपुरा तहसील बांदरी, नीलेश कुमार जैन माध्यमिक शिक्षक मॉडल उ.मा.वि.बंडा, बलराम शाक्य शिक्षक प्राथमिक शाला बेलाखेड़ा तहसील बांदरी शामिल है. कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्पष्ट किया है कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य प्राथमिकता पर है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने समस्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए हैं कि आवंटित एचएलबी का कार्य निर्धारित समय में पूर्ण गुणवत्ता के साथ संपन्न करें.

# अस्पताल में मौसमी बीमारियों के मरीजों में इजाफा

**नवभारत न्यूज**

**टीकमगढ़। शहर के जिला अस्पताल में इन दिनों मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मौसम में हो रहे बदलाव, तेज गर्मी, दूषित पानी और खानपान में लापरवाही के कारण वायरल फीवर, सर्दी-खांसी, उल्टी-दस्त, डायरिया और टायफाइड जैसी बीमारियों के मरीज बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं।**




पिछले कुछ दिनों में ओपीडी और इमरजेंसी वार्ड में मरीजों की भीड़ बढ़ने से अस्पताल प्रबंधन पर अतिरिक्त दबाव देखा जा रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार सुबह से ही मरीजों और उनके परिजनों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग इलाज कराने जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण वे जल्दी संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि दिन में तेज गर्मी और रात में मौसम में अचानक बदलाव के कारण वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है।

> मौसम में बदलाव के चलते आने वाले दिनों में मरीजों की संख्या और बढ़ सकती है, इसलिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। मौसम में हो रहे बदलाव, तेज गर्मी, दूषित पानी और खानपान में लापरवाही के कारण वायरल फीवर, सर्दी-खांसी, उल्टी-दस्त, डायरिया और टायफाइड जैसी बीमारियों के मरीज बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ओपीडी और इमरजेंसी वार्ड में मरीजों की भीड़ बढ़ने से अस्पताल प्रबंधन पर अतिरिक्त दबाव देखा जा रहा है।

## सीएमओ ने शहर में कराई सफाई

**टीकमगढ़।** नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा आज स्वच्छता सर्वेक्षण अन्तर्गत शहर का भ्रमण कर वार्ड नं 02 पुरानी टेहरी मुहल्ला में विशेष नाली सफ़ाई अभियान चलाकर नालियों की सफ़ाई करायी गई। साथ ही पानी की टंकी के पास ऊपर बाली सड़क, पुल के पास की सफ ई करा कर तत्काल कचरा उठवाया गया एवं राजेन्द्र पार्क की सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने वार्डवासियों तथा आम नागरिकों से शहर की सफ़ाई व्यवस्था मे सहयोग प्रदान करने की अपील की। इसीप्रकार वार्ड नं. 16 मे डॉ अशोक कुमार साहू की गली की नाली सफाई एवं पुराना बस स्टैंड डी पी के पास की सफाई, वार्ड 11 बाहर कोट हरिजन बस्ती में सफ़ाई कराकर तत्काल कचरा उठवाया गया।

**मिसाल** | संतों की तपस्या और साधना से सैकड़ों गौवंश का सहारा बनी नौलखी गौशाला

# बाबा जगन्नाथदास जी की तपोभूमि पर आज भी जीवित है गौसेवा परंपरा

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, आज जब कई स्थानों पर गौ संरक्षण केवल योजनाओं और घोषणाओं तक सीमित दिखाई देता है, तब गंज क्षेत्र स्थित नौलखी आश्रम की गौशाला सेवा, समर्पण और गौभक्ति की ऐसी मिसाल बनकर सामने आई है, जहां साधु-संतों की तपस्या, श्रद्धालुओं की सेवा और भक्ति के बल पर सैकड़ों गौवंश को सम्मानजनक आश्रय मिल रहा है.**

करीब 400 वर्ष पुरानी सिद्धों, तपस्वियों और वीतराग संतों की तपोभूमि नौलखी आश्रम आज भी सेवा, साधना और गौभक्ति की उसी परंपरा को जीवित रखे हुए है, जिसकी नींव यहां रहे संतों ने रखी थी. लगभग 100 वर्ष पूर्व आश्रम में गौसेवा की शुरुआत बाबा जगन्नाथ दास जी महाराज ने की थी. वर्तमान में इसी आश्रम परिसर में उनके नाम से संचालित श्री जगन्नाथ दास नौलखी आध्यात्मिक धार्मिक कल्याण समिति द्वारा गौसेवा का कार्य निरंतर किया जा रहा है.समिति द्वारा संचालित गौशाला निराश्रित, बूढ़ी, बीमार, विकलांग एवं बिना दूध देने वाली गायों का सहारा बनी हुई है. यहां आश्रम के अलावा अन्य क्षेत्रों से आने वाले निराश्रित एवं विकलांग गौवंश को भी संरक्षण दिया जाता है. वर्षों से यह गौशाला तपस्वियों और संतों की मूल भावना सेवा और साधना को जीवित रखे हुए है.गौशाला का वातावरण भी किसी साधना स्थल जैसा प्रतीत होता है. यहां गायों के लिए पक्की गौशाला के साथ खुले मैदान, शांत परिसर और प्राकृतिक वातावरण की व्यवस्था की गई है, जिससे गौवंश को स्वतंत्र विचरण का अवसर मिल सके.आज जब कई स्थानों पर करोड़ों रुपये की लागत से बनी गौशालाएं केवल योजनाओं और कागजों तक सीमित दिखाई देती हैं, तब नौलखी आश्रम की यह गौशाला समाज और व्यवस्था दोनों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है.स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि शासन-प्रशासन इस गौशाला की व्यवस्थाओं को समझकर इसे सरकारी योजनाओं से जोड़े, तो यह क्षेत्र की आदर्श गौशाला के रूप में विकसित हो सकती है.

**श्रद्धा और सहयोग से संचालित हो रही गौशाला-** श्रीमहंत राम मनोहर दास जी म-ाराज ने बताया कि समय के साथ गौवंश की संख्या और चुनौतियां दोनों बढ़ी हैं, लेकिन सेवा का भाव कभी कम नहीं हुआ. आज भी आश्रम और श्रद्धालुओं के सहयोग से गौवंश के लिए चारा, भूसा, पानी, चिकित्सा और देखभाल की व्यवस्थाएं की जा रही हैं. गौशाला में चार ग्वाले दिन-रात सेवा में लगे रहते हैं.

## सेवा, साधना और समर्पण की जीवंत तपोभूमि

वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम क्षेत्र में श्रद्धा का प्रमुख केंद्र माना जाता है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल एक आश्रम नहीं, बल्कि संतों की तपस्या, त्याग और लोककल्याण की भावना का जीवंत प्रतीक है . समय बदला, व्यवस्थाएं बदलीं, लेकिन आश्रम की आत्मा आज भी त्याग, तप, सेवा और संवेदना के भाव से ओतप्रोत है .नगरवासियों के अनुसार बाबा जगन्नाथ दास जी महाराज का गौमाता के प्रति विशेष अनुराग था . उन्होंने जिस करुणा और भक्ति से गौसेवा की ज्योति प्रज्वलित की थी, वह आज भी उसी श्रद्धा के साथ प्रज्वलित है . नौलखी खालसा के वर्तमान श्रीमहंत एवं समिति अध्यक्ष राम मनोहर दास जी महाराज इस विरासत को सेवा और साधना के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं .